BORDER NEWS MIRROR
BNM
to the point...
Sunday
26-06-2022
www.bordernewsmirror.com
Only bilingual Newspaper
₹5

www.bordernewsmirror.com

### योगी आदित्यनाथ को लेकर किया ट्वीट

कंगना रनौत ने ट्वीट करते हुए लिखा, 'अगर भविष्य में योगी आदित्यनाथ जी भारत के प्रधानमंत्री बन जाएं तो ऐसे कितने लोग है जिन्हें खुशी होगी बताएं?' 8



### अनुष्का का 'चकदा एक्सप्रेस' से वापसी

अभिनेत्री कहती हैं, "ऐसा लगता है कि यह मेरी पहली फिल्म फिर से है और मैं 'चकदा एक्सप्रेस' के साथ इस यात्रा को शुरु करने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं। 8

### मीरा ने पति शाहिद संग एंजॉय किया डिनर डेट

बॉलीवुड एक्टर शाहिद कपूर इन-दिनों अपने पूरे परिवार के साथ स्विटजरलैंड में छुट्टियां एंजॉय कर रहे हैं. 8



### द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावकों में तीन पश्चिम बंगाल के

राष्ट्रपति पद के चुनाव में राजग उम्मीदवार और आदिवासी समुदाय की नेत्री द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावकों में तीन आदिवासी नेता पश्चिम बंगाल के भी हैं। 7

# BRIEFLY

## मुंबई में 10 जुलाई तक कर्फ्यू , सर्वदलीय कार्यालयों की सुरक्षा बढ़ी

मुंबई। महाराष्ट्र में पिछले 5 दिनों से चल रहे राजनीतिक गतिरोध के चलते शनिवार को मुंबई में 10 जुलाई तक कर्फ्यू लगा दिया गया और सर्वदलीय कार्यालयों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इस सख्ती के बाद भी आज दोपहर में उल्हासनगर में शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के कार्यालय पर तोड़ फोड़ की गई। आज सुबह ही बागी शिवसेना विधायक मंगेश कुडालकर के मुंबई स्थित कार्यालय तथा पुणे में तानाजी सावंत के कार्यालय में तोड़फोड़ की गई थी। इन मामलों में 19 शिवसैनिकों को गिरफ्तार किया गया है। गृहमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कठोर कदम उठाने का भी निर्देश दिया है। मुंबई पुलिस आयुक्त संजय पांडे ने आज सुबह वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की बैठक आयोजित की और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कठोर भूमिका अपनाने का निर्देश दिया। इसके बाद मुंबई पुलिस ने मुंबई में 10 जुलाई तक कर्फ्यू लगाने का निर्णय लिया। इस आदेश में सरकारी कार्यालय, शादी समारोह, अंतिम संस्कार, सिनेमागृह तथा नाट्यगृह को छूट दी गई है। शहर के सभी जगह पोस्टर तथा बैनर हटाने का भी आदेश जारी किया गया है। इतना ही नहीं पुलिस की स्पेशल टीम सोशल मीडिया पर भी नजर रखेगी। पुलिस ने हिंसक बैनर पोस्टर को तत्काल हटाने के आदेश दिए हैं। यह आदेश राज्य की मौजूदा राजनीतिक स्थिति को देखते हुए जारी किया गया है।

# Trending News

## उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे के बीच खिंची हैं तलवारें

बीएनएम@मुंबई

मुंबई। महाराष्ट्र का राजनीतिक संकट सीधे-सीधे मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और शिवसेना के बागी मंत्री एकनाथ शिंदे की नाक का बाल बन गया है। शिंदे अपने समर्थक शिवसेना के विधायकों के साथ गुवाहाटी के रेडिसन होटल से तलवार लहरा रहे हैं। और उद्धव मातोश्री से त्रिशूल चमका रहे हैं। उद्धव ठाकरे ने बागी विधायकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के संकेत दिए हैं। शिवसेना की आज दोपहर एक बजे शिवसेना भवन में होने वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में कोई चौंकाने वाला फैसला हो सकता है। उद्धव इसमें वर्चुअली हिस्सा लेंगे। साथ शिंदे समर्थक 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने को लेकर नोटिस भी जारी होने के आसार हैं। शिंदे गुट ने इस मसले पर महाराष्ट्र विधानसभा के उपाध्यक्ष नरहरि जिरवाल के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। महा विकास अघाड़ी सरकार में शिवसेना नेता और मंत्री शिंदे की बगावत के बाद उद्धव ठाकरे के पुत्र और सरकार में मंत्री आदित्य ठाकरे मैदान में कूद गए हैं। पिता की शाख को बचाने में पूरी ताकत झोंक रहे हैं। शाम 6:60 बजे शिव सैनिकों को संबोधित करेंगे। इस बीच सूचना है कि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस सहयोगी दलों के विचार-विमर्श करने वाले हैं। वह शनिवार पूर्वाह्न 11 बजे रामदास अठावले से मुलाकात कर सकते हैं।



# जी-7 में आतंकवाद, पर्यावरण, खाद्य सुरक्षा और लोकतंत्र आदि पर होगी चर्चा : प्रधानमंत्री

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि जी-7 शिखर सम्मेलन में पर्यावरण, ऊर्जा, जलवायु, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य, आतंकवाद विरोधी, लैंगिक समानता और लोकतंत्र जैसे सामयिक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान होगा। उन्होंने कहा वह सम्मेलन से इतर कुछ देशों के नेताओं से मिलने को लेकर भी उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री ने जर्मनी और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की तीन दिवसीय (26-28) यात्रा पर रवाना होने से पहले जारी वक्तव्य में कहा कि वह जर्मन प्रेसीडेंसी के तहत जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ के निमंत्रण पर जर्मनी के श्लॉस एल्मौ का दौरा करेंगे। पिछले महीने भारत-जर्मनी अंतर-सरकारी परामर्श (आईजीसी) के बाद चांसलर स्कोल्ज़ से फिर से मिलना खुशी की बात होगी। उन्होंने कहा कि मानवता को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर अंतराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने के प्रयास में, जर्मनी ने अर्जेंटीना, इंडोनेशिया, सेनेगल और दक्षिण अफ्रीका जैसे अन्य लोकतंत्रों को भी जी-7 शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया है। शिखर प्रधानमंत्री ने कहा कि वह सम्मेलन के सत्रों के दौरान पर्यावरण, ऊर्जा, जलवायु, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य, आतंकवाद विरोधी, लैंगिक समानता और लोकतंत्र जैसे सामयिक मुद्दों पर जी-7 देशों, जी-7 भागीदार देशों और अतिथि अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ विचारों का आदान-प्रदान करेंगे।

## पटना: स्पाइस जेट की फ्लाइट में आई तकनीकी खराबी, टेकऑफ से पहले रोका गया




बीएनएम@पटना

पटना। पटना से गुवाहाटी जाने वाली स्पाइस जेट की फ्लाइट को पटना एयरपोर्ट पर शनिवार को टेकऑफ से पहले रोक दिया गया। दरअसल, विमान टेकऑफ के लिए तैयार हो रहा था, लेकिन उसमें अचानक तकनीकी खराबी आ गई, जिसके बाद स्पाइस जेट के विमान एसजी3724 को तुरंत रनवे पर ही रोकना पड़ा। बाद में उसे साइड लाया गया। फिर सारे यात्रियों को उतारा गया। पूरी तरह से फ्लाइट को खाली करा लिया गया। इसकी जांच शुरु हुई। खराबी आने के बाद फ्लाइट को रद्द कर दिया गया। जानकारी के अनुसार फ्लाइट में लगभग 50 यात्री थे। इनमें बिहार के कुछ नेता भी थे। स्पाइस जेट के विमान एसजी3724 से यात्रा करने वाले यात्री बंटी चौधरी ने बताया कि सभी यात्री समय पर विमान में बैठ गये थे। इस बीच विमान में तकनीकी खराबी आने के बाद यात्रियों को विमान से उतारने का अनाउंसमेंट किया गया। फ्लाइट को शाम 3.05 बजे गुवाहाटी के लिए उड़ान भरनी थी, लेकिन 3.25 बजे तक विमान टेकऑफ नहीं हुआ और अंत में सभी को उतार दिया गया।

## कांग्रेस ने भाजपा पर डीएचएफएल से डोनेशन लेने का लगाया आरोप

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर डीएचएफएल कंपनी से 28 करोड़ रुपये डोनेशन के रुप में लेने का आरोप लगाया है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि डीएचएफएल एक ऐसी कंपनी है जिसने देश का सबसे बड़ा बैंक फ्रॉड किया है। इस कंपनी ने यूनियन बैंक सहित 17 बैंकों से लगभग 42 हजार करोड़ का ऋण लिया था। जिसमें से यह कंपनी 34 हजार करोड़ रुपये डकार गई और अचानक डीएसएफएल वर्ष 2019 से डीफॉल्ट होने लगी। जिसके बाद वर्ष 2019 में ही डीएचएफएल पर स्पेशल ऑडिट शुरु हुई। इस ऑडिट में कई तरह के घोटाले सामने आए। लेकिन यह घोटाला मुद्दा नहीं बन पाया। श्रीनेत ने कहा कि ऐसा इस लिए हुआ क्योंकि भाजपा को समय-समय पर डीएचएफएल से पैसे मिलते रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा को बताना चाहिए कि डीएचएफएल से उनके क्या संबंध हैं। श्रीनेत ने कहा कि जिस कंपनी के संचालकों पर कठोर से कठोर कार्रवाई होनी चाहिए थी उनसे भाजपा बीते 6-7 वर्षों में 28 करोड़ का डोनेशल ले चुकी है।



# भारतीय लोकतंत्र पर लगा बदनुमा दाग है आपातकाल: संजय जायसवाल



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल

बीएनएम@पटना

पटना। आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र पर लगा बदनुमा दाग बताते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल ने शनिवार को कहा कि कुर्सी पर बने रहने के लिए कांग्रेस किस हद तक नीचे गिर सकती है, 25 जून 1975 को लगा आपातकाल उसका जीवंत प्रमाण है। डॉ. जायसवाल ने कहा कि आपातकाल के दौरान इंदिरा गांधी ने अपने विरोधियों के दमन के लिए मीसा कानून का जम कर दुरुपयोग किया था। इसी के तहत 25 जून की रात को 11:30 बजे जयप्रकाश नारायण को गिरफ्तार कर लिया गया था और बाद में इसी को मोहरा बनाते हुए विपक्ष के तमाम नेताओं को सलाखों के पीछे कर दिया गया जिनमें पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर लाल कृष्ण आडवाणी, जार्ज फर्नांडीज, अरुण जेटली, रविशंकर प्रसाद तक शामिल थे। डॉ जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस द्वारा मीसा कानून को इतना कड़ा कर दिया गया कि न्यायपालिका में बंदियों की कहीं कोई सुनवाई नहीं होती थी। कई बंदी तो ऐसे भी थे जो पूरे 21 महीने के आपातकाल के दौरान जेल में ही कैद रहे। इस कानून के तहत सभी प्रकार के विरोध प्रदर्शन पर पाबंदी लगा दी गई, यहां तक कि आम आदमी को भी नहीं बख्शा गया। गिरफ्तार लोगों की संख्या जेलों की सीमा से अधिक थी, ऐसे में कई लोगों को सिर्फ खंभे और जंजीरों से बांध कर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। पुलिस ने कितनों को बेहोश होने तक लाठियों से पीट-पीट कर उनके हाथ, पैर तक तोड़ दिए थे, वहीं पुलिस की गोलीबारी में भी कई लोग मारे गए। आपातकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भूमिका के बारे में बताते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी आपातकाल के समय से ही कांग्रेस की निरंकुशता के प्रखर विरोधियों में शुमार रहे है। गुजरात में चली आपातकाल विरोधी मुहिम में अन्य नेताओं के साथ वह भी बढ़-चढ़कर सक्रिय हो गए थे।

## NEWS IN BRIEF

### गया मे गैंग वार में मारा गया कुख्यात बबलू वर्मा

गया। गया जिला में गैंगवार में कुख्यात बबलू वर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। बबलू वर्मा शुक्रवार की रात अपने एक मित्र के साथ बाइक से घर से निकला था। गया के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रेलवे ओवरब्रिज के नीचे शुक्रवार की देर रात अपराधियों ने बाइक सवार एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी।गोली लगने से युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।युवक को करीब से गोली मारी गई ।जिससे उसका चेहरा क्षत-विक्षत हो गया। जिसके कारण शव का शिनाख्त नहीं हो सका। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। पुलिस बाइक को जब्त कर थाना ले आई। एसएसपी हरप्रीत कौर ने बताया कि शनिवार को शव का शिनाख्त हो गया।मृतक कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत झीलगंज मुहल्ले के स्व.नरेश वर्मा का पुत्र बबलू वर्मा है। उन्होंने आगे बताया कि बबलू आपराधिक चरित्र का व्यक्ति था।बबलू कुछ ही दिनों पूर्व जेल से जमानत पर बाहर आया था। एसएसपी हरप्रीत कौर के अनुसार बबलू झीलगंज स्थित घर से अपने एक मित्र के साथ बाइक से शुक्रवार की शाम निकला था। शुक्रवार की रात बबलू की हत्या हो गई।

एसएसपी ने कहा कि बबलू की पत्नी संगीता वर्मा दिल्ली में है। संगीता घटना की सूचना मिलने के बाद गया के लिए रवाना हो गई है। बबलू का एक पुत्र हैं। मुहल्ले वासियों का कहना है कि बबलू का अपराध जगत से नाता अब नहीं था।बबलू शिक्षा के क्षेत्र में रहकर परिवार का भरण पोषण कर रहा था।

## बीस बोतल विदेशी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

बीएनएम@बांका

बांका। उत्पाद विभाग की टीम ने शनिवार को जिले के अमरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुशमाहा गांव में छापेमारी कर 20 बोतल विदेशी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया। टीम का नेतृत्व निरीक्षक मद्य निषेध अजय कुमार कर रहे थे। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने उक्त गांव छापेमारी कर 750 एम एल का 20 बोतल इंपीरियल ब्लू वि[illegible] ने शराब कारोबारी उक्त गांव निवासी अंशु कुमार को धर दबोचा लिया। पूछताछ में गिरफ्तार कारोबारी ने टीम को बताया कि वह लौगाय गांव के एक शराब विक्रेता के संपर्क में था और देवघर का साकेत उसे शराब की आपूर्ति करता था। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापामारी दल में अवर निरीक्षक मद्य निषेध उमेश चंद्र राय समेत कई पुलिस बल शामिल थे।

## देश हमेशा अपने दोनों सेनानियों का ऋणी रहेगा : बिट्टू सिंह

बीएनएम@सीवान

सीवान। कांग्रेस के द्वारा देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था को खत्म करने के लिए देश पर आपातकाल थोपकर सभी नागरिकों के मौलिक अधिकार समाप्त करने के असफल प्रयास के 47 साल पूरे होने पर शनिवार को बिहार भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर के कहा कि सत्ता के लालच में एक परिवार ने देश पर आपातकाल थोपा था। आपातकाल देश के प्रजातंत्र पर किया गया सबसे बड़ा और कायराना हमला था। आपातकाल के दौरान लोगों से अंग्रेजी शासन से भी बुरा व्यवहार किया गया। उन्होंने कहा कि आपातकाल का विरोध करने वालों को कड़ी यातनाएं दी गईं। अकारण ही लाखों लोगों को जेल में ठूंस दिया गया। अदालतों और प्रेस पर भी सेंसरशिप लगा दी गई। इसके बावजूद लाखों लोकतंत्र सेनानियों ने यातनाओं को सहते हुए इस अनैतिक निर्णय का न सिर्फ विरोध किया बल्कि तानाशाही सरकार को सबक भी सिखाया। भाजपा नेता ने कहां कि आपातकाल के खिलाफ संघर्ष करने वाले लोकतंत्र सेनानियों को मैं नमन करते हुए कहना चाहता हूं कि इस देश को आजाद कराने में हमारे स्वतंत्रता सेनानीयों का जितना योगदान है, वैसे ही इस देश के लोकतंत्र को बचाने में हमारे लोकतंत्र सेनानियों का योगदान है। यह देश हमेशा अपने दोनों सेनानियों का ऋणी रहेगा।

## भाजपा में सीएम लायक कोई नहीं है :गोपाल मंडल

बीएनएम@भागलपुर

भागलपुर। अपने बयानों को लेकर हमेशा में चर्चा में रहने वाले गोपालपुर के जदयू विधायक गोपाल मंडल ने बीजेपी और जदयू के बीच चल रहे जुबानी जंग के बीच एक बड़ा बयान दिया है। विधायक ने कहा कि संजय जायसवाल जब बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बने तब से उनको जान रहे हैं। इसके पहले उन्हें कौन जानता था। उन्होंने कहा कि भाजपा को भागलपुर में मैंने मजबूत किया है। संजय जयसवाल मे समझदारी की कमी है। अग्निपथ योजना को लेकर विधायक ने कहा कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने गलत किया है। पहले विज्ञापन निकाल कर योजना की जानकारी देनी थी। उसके बाद इसे लागू करना था। भाजपा वाले गलत सही करते रहते हैं। इसलिए देश के छात्र भड़क गये। उन्होंने कहा कि ये महाराष्ट्र नहीं बिहार है। हम लोग खूटा गाड़ विधायक हैं। कोई उखाड़ नहीं सकता है। भाजपा में कोई ऐसा आदमी ही नहीं है जो मुख्यमंत्री बने। मुख्यमंत्री के लायक सिर्फ नीतिश कुमार ही हैं। भाजपा अलग चुनाव लड़के देख लें औकात का पता चल जायेगा। भाजपा के पास सिर्फ दो ही जात है जो वोटिंग ही नहीं करती।



## कांग्रेस ने आपातकाल लागू कर लोकतंत्र की हत्या की



**मंगल पांडेय ने कहा कि 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक का 21 महीने की अवधि में भारत में आपातकाल घोषित था। जयप्रकाश नारायण ने इसे भारतीय इतिहास की सर्वाधिक काली अवधि कहा था। उन्होंने कहा कि 12 जून 1975 को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इंदिरा गांधी के चुनाव को लेकर फैसला सुनाते हुए चुनाव मे गलत तौरतरीके अपनाने का दोषी माना। उन्हें चुनाव लड़ने के लिए छह साल तक अयोग्य ठहरा दिया गया। इसके साथ ही गुजरात चुनाव परिणाम में कांग्रेस का सफाया हो गया। इससे इंदिरा गांधी तिलमिला गईं। इसके बाद इंदिरा ने देशभर में आपातकाल लगा दिया।**

बीएनएम@कटिहार

कटिहार। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शनिवार को भारतीय लोकतंत्र के काले दिवस के रुप में मना रही है। इस अवसर पर बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने सिरसा स्थित भाजपा जिला मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि 25 जून 1975 को इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने पूरे देश में आपातकाल लागू कर लोकतंत्र की हत्या कर दी गई थी। प्रेस को सेंसर कर दिया गया था, विपक्ष के सभी बड़े नेताओं को गिरफ्तार कर जेल में बंद कर दिया गया था।

मंगल पांडेय ने जिला भाजपा मुख्यालय में मौजूद कार्यकर्ताओं से कहा कि 1971 से 1975 तक के इंदिरा शासन काल की इतिहास सभी को पढ़नी चाहिए कि कैसे इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र की हत्या कर भारत के आत्मा को कुचलने के काम किया। इस कार्यक्रम से पहले बिहार के उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद एवं स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने जेएनएम स्कूल भेड़िया रहिका में आरटीपीसीआर लैब, सिरसा में लायंस हॉस्पिटल एन्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट का शुभारंभ किया।

# सड़क पर बह रहा नाले का गंदा पानी, प्रशासनिक उदासीनता से ग्रामीणों में काफी आक्रोश



जलजमाव की समस्या से परेशान ग्रामीण

बीएनएम@सुरेश सिंह

सिकरहना। ढाका नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या-23 अंसारी टोला के मुख्य सड़क पर नाले का गंदा पानी बह रहा। इससे निकल रही दुर्गंध से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। यह स्थिति पिछले लंबे समय है। प्रशासनिक उदासीनता से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। नियमित साफ-सफाई नहीं होना नाला के ओवरफ्लो की वजह है। विदित हो कि ढाका थाना के बगल से होकर जाने वाली मुख्य सड़क, जो भाया भागवतपुर भलुआहिया से पकड़ीदयाल को जोड़ती है। इस पर पिछले पांच से छह वर्ष पूर्व पक्की सड़क के साथ नाला की निर्माण हुआ था। लेकिन, ग्रामीणों के अनुसार ठेकेदार ने निर्माण कार्य मनमाने तरीका से कराया। सड़क पर जगह गड्ढे हो आएं हैं। ऐसे में यूं कहें कि गड्ढे में सड़क या सड़क में गड्ढे तो आश्चर्य नहीं होगा। बताते चले कि इस क्षेत्र में अल्पसंख्यक समुदाय की घनी बस्ती है। सड़क पर दो सौ फीट में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न होने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। उक्त वार्ड निवासी अब्दुल काजील, उत्तम अंसारी, फेकू अंसारी आदि ने बताया कि पिछले छः वर्षों से यानी जब से सड़क बनी तब से सड़क पर जलजमाव की समस्या बनी रही है। इसको लेकर नप व अनुमंडल के पदाधिकारियों के साथ डीएम को भी उत्पन्न समस्या को लेकर लिखित शिकायत की। लेकिन, कार्रवाई सिफर रही। ग्रामीणों ने अब आंदोलन की चेतावनी दी है। समाजसेवी मो. आलम ने बताया कि जलजमाव की समस्या को लेकर नगर परिषद से लेकर अनुमंडल एवं डीएम को लिखित के साथ मौखिक शिकायत भी की। लेकिन, अधिकारियों ने इस दिशा में ध्यान नहीं दिया। बारिश का मौसम शुरु हो गया। अब जब यह स्थिति है तो आने वाले दिनों में क्या होगा इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। तेज बारिश होने पर घरों में भी नाले का गंदा पानी घरों में घुस जाता है। इससे कई गंभीर बिमारियां भी हो सकती हैं। अब ग्रामीणों ने आगामी चुनावों में वोट बहिष्कार की धमकी भी दी है।

## NEWS IN BRIEF

### कारगिल कप टी 20 टूर्नामेंट में पताही ने जमाया शील्ड पर कब्जा

पताही। प्रखंड मुख्यालय स्थित सिंघेश्वर सेमिनरी उच्च विद्यालय के खेल मैदान में कारगिल कप टी 20 टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला पताही एवं चिरैया के बीच शनिवार को खेला गया। फाइनल मैच का उद्घाटन राजद के पूर्व प्रत्याशी अच्छे लाल यादव एवं जिला परिषद 51 के प्रतिनिधि गुड्डू सिंह ने किया। टॉस जीतकर चिरैया कि टीम ने 16 ओवर में 10 विकेट पर 100 रन बनाया। जबाव में खेलने उतरी पताही कि टीम ने 15 ओवर में 101 रन 6विकेट पर बनाया। लालू कुमार ने 16 गेंदों में 6 चौके एवं 4 छक्के की मदद से 40 रन बनाया । पताही ने चिरैया को 4 विकेट से हराकर फाइनल मुकाबला को जित लिया। फाइनल मुकाबला के विजेता को मुख्य अतिथि चिरैया के पूर्व राजद प्रत्याशी अच्छेलाल यादव ने 25 हजार रुपए का चेक एवं शील्ड दिया। वही उप विजेता को 11 हजार का चेक एवं शील्ड का दिया गया है।

### कर्मचारियों से वार्ता कर हड़ताल समाप्त कराए प्रशासन: रंजीत गिरि

मोतिहारी। कर्मचारियों की हड़ताल के कारण कचरा जमा होने से मोतिहारी नगर निगम की स्थिति नारकीय स्थिति को देखते हुए समाजसेवी रंजीत गिरि के नेतृत्व में सांकेतिक रुप से महापुरुषों की मूर्ति स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व करते हुए रंजीत गिरि ने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ताओ के लिए शहर की सफाई करना नामुमकिन है उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन से मांग किया कि कर्मचारियों की जायज माँग पर संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द उनसे वार्ता कर हड़ताल को समाप्त कराए।

# मोतिहारी में जमीन विवाद में खूनी संघर्ष, एक की मौत

बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। डुमरियाघाट थाना क्षेत्र से एक बड़ी खबर सामने आ रही। दो पट्टीदारों के बीच हुई मारपीट में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। जबकि, एक जख्मी हो गया है। घटना के पीछे की वजह जमीन विवाद बताया जा रहा। मृतक की पहचान 60 वर्षीय हबीब देवान के रूप में हुई है। मामला डुमरियाघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्वी सरोतर पंचायत के वार्ड संख्या पांच पुरैना टोला का है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की पड़ताल की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, मोतिहारी भेजने की प्रक्रिया चल रही है। घटना की वजह जमीन विवाद है। बताया जाता है कि जमीन पर ट्रेक्टर से मिट्टी गिराया जा रहा था। इस बीच एक पक्ष ने इसका विरोध किया। यह विरोध खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। इसमें हबीब देवान की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

# जिला परिषद में स्थाई समिति के सदस्यों का हुआ स्वागत

बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। जिला परिषद् कार्यालय साभागार में अध्यक्ष जिला परिषद ममता राय की अध्यक्षता में 13 जून को स्थायी समितियो हेतु निर्वाचित किये गये सभी 33 सदस्यो के सम्मान में एक सामारोह का आयोजन किया गया। सम्मान सामारोह में निर्वाचित सदस्यो को अध्यक्ष जिला परिषद् एवं उपाध्यक्ष गीता देवी ने संयुक्त रुप से सम्मानित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष ने बताया की जिला परिषद् में कुल- 7 स्थायी समितियां है जिनमें सामान्य स्थायी समिति, वित अंकेक्षण एवं योजना समिति,उत्पादन समिति,सामाजिक न्याय समिति,शिक्षा समिति,लोक स्वास्थ्य परिवार एवं ग्रामीण स्वच्छता समिति,लोक कार्य समिति शामिल है। इसके लिए सदस्यो का निर्वाचन बिहार पंचायत राज अधिनियम 2006 के धारा- 77 के अनुसार सम्पन्न हुआ था। जिसमें सामान्य स्थायी समिति तथा वित अंकेक्षण एवं योजना समिति में अध्यक्ष जिला परिषद् पदेन सदस्य एवं अध्यक्ष होते है। इस प्रकार स्थायी समिति और वित अंकेक्षण एवं योजना समिति में चार-चार सदस्यो का तथा अन्य समितियो के लिए पांच-पांच सदस्यो का निर्वाचन हुआ और प्रत्येक समितियो में दो-दो सहयोजित सदस्यो को नामित किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष गीता देवी के द्वारा सभी कमिटी के सदस्यो का स्वागत करते हुए समितियो के बैठक में निश्चित रुप से ससमय भाग लेने का सुझाव दिया गया।

# जदयू ने पद यात्रा निकाल मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार

बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। जदयू प्रदेश कार्यालय से निर्देशित जातीय जनगणना के ऐतिहासिक मुहिम के लिए बिहार के मुख्य मंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के लिए आभार यात्रा कार्यक्रम अंतर्गत गांधी चौक से चरखा पार्क तक पद यात्रा निकाली गई। सामाजिक समरसता के लिए जातीय जनगणना के समर्थन में जदयू की आभार यात्रा में मुख्य रूप से शामिल लोगों में पूर्वी चंपारण जिला संगठन प्रभारी विशाल कुमार साह, मुख्य प्रवक्ता दिनेश चंद्र प्रसाद, पूर्वी चम्पारण जदयू जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार पांडेय, ब्यास प्रसाद सिंह, विधान पार्षद खालिद अनवर, महात्मा समता फूले समता परिषद के जिलाध्यक्ष संत कुशवाहा, पूर्व मंत्री श्याम बिहारी, जदयू के वरीय प्रदेश नेता बबन कुशवाहा,जितेन्द्र सिंह उर्फ चुन्नू बाबू, जदयू नेत्री कुमकुम मिश्रा, शिक्षा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रविंद्र सिंह पटेल, श्यामाकांत कुशवाहा, शोभा सिंह आदि उपस्थित थे। जनसभा को विधान पार्षद खालिद अनवर, पूर्व मंत्री श्याम बिहारी प्रसाद, पूर्व विधायक मीना द्विवेदी सहित अन्य कईयों ने संबोधित किया।



# भिक्षुओं को आवास योजना का दिलाएं लाभ: डीएम



बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में जिले भर में स्माइल परियोजना एवं मुख्यमंत्री भिक्षावृत्ति निवारण योजना क्रियान्वयन को लेकर संबंधित विभाग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के आदेशानुसार भिक्षुओं के कल्याण एवं पुनर्वास के उद्देश्य से महत्वकांक्षी परियोजना " स्माइल" को धरातल पर उतारने के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। संबंधित पदाधिकारी को डीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि विभिन्न प्रखंडों में 25 इच्छुक भिक्षुकों को पशुपालन योजना का लाभ प्रदान किया जाए।

**अग्रणी बैंक प्रबंधक द्वारा 15 भिक्षुकों को ऋण एवं वित्तीय सहयोग प्रदान किया जाए।सिविल सर्जन ने कुल 170 कुष्ठ भिक्षुकों को पुरुष एवं महिला की स्वास्थ्य जांच की जाए। जिला प्रबंधक डीआरसीसी द्वारा 4 भिक्षुकों को कौशल शिक्षा, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड से अच्छादित किया जाए। जिला कार्यक्रम प्रबंधक जीविका द्वारा सर्वेक्षित 20 से 35 आयु वर्ग युवा महिला /पुरुष कुल 28 भिक्षुओं को भिक्षावृत्ति छोड़ने के लिए परामर्श दिया जाए। प्रेसिडेंट सेक्रेटरी इनरव्हील क्लब द्वारा सर्वेक्षित 25 से 35 आयु वर्ग के युवा भिक्षुओं को भिक्षावृत्ति छोड़ने एवं 55 वर्ष से अधिक वृद्ध भिक्षुओं को वृद्धाआश्रम में आवासन हेतु निर्देश दिया।**

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा के द्वारा पांच किन्नर समुदाय के भिक्षुओं को रोजगार एवं अन्य सुविधाओं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं अरेराज प्रखंड अंतर्गत स्थित सोमेश्वर नाथ धाम मंदिर के आसपास भिक्षावृत्ति पर रोकथाम के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि भिक्षुकों को भोजन उपलब्ध करायेंगे।

# फसलों की पैदावार में होगा इजाफा, किसानों की बढ़ेगी आमदनी



बीएनएम@बेतिया

बेतिया। जिलाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा कार्यालय प्रकोष्ठ में कृषि विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि खरीफ मौसम 2022-23 में जिले में यूरिया, डीएपी, पोटाश, एनपीके मिक्सचर एवं एसएसपी की पर्याप्त उपलब्धता है, जिसे खुदरा/थोक विक्रेताओं को उपलब्ध करा दिया गया है। इसके अलावे इस माह के अंत तक आइपीएल, किसान यूरिया एवं कृफको कंपनी के यूरिया का तीन रैक जिले को उपलब्ध हो जायेगा। यूरिया का रैक पहुंचते ही सभी थोक/खुदरा विक्रेताओं को उपलब्ध करा दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि इफको द्वारा नैनो यूरिया तरल का निर्माण किया गया है जो किसानों के लिए अत्यंत ही फायदेमंद है। नैनो यूरिया को बहुत छोटे आकार में ज्यादा क्षमता के साथ तैयार किया गया है। यह 500 मिली. की एक बोतल सामान्य यूरिया के कम से कम एक बैग अर्थात एक बोरी के बराबर है। इसके प्रयोग से किसानों की लागत कम होगी। छोटा आकार होने के कारण इसके परिवहन, भंडारण आदि में किसानों को परेशानी नहीं होगी। जिलाधिकारी, कुंदन कुमार ने कहा कि इफको द्वारा एक बेहतर प्रोक्डक्ट नैनो यूरिया तरल का निर्माण किया गया है। इसके इस्तेमाल से मिट्टी की सेहत सुधरेगी। जल प्रदूषण और वायु प्रदूषण भी कम होगा। नैनो यूरिया एक ईको-फ्रेंडली उत्पाद है। नैनो यूरिया पारंपरिक यूरिया के मुकाबले धीरे-धीरे नाइट्रोजन रिलीज करता है, जिससे पौधों को बेहतर पोषण मिलती है। इसके अलावा यूरिया के परिवहन और भंडारण पर भी होने वाला किसानों को खर्च भी कम होगा। किसानों को कई स्तर पर आर्थिक बचत होगी। किसानों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि नैनो यूरिया तरल से फसलों की पैदावार बढ़ेगी और पोषक तत्वों की गुणवता में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि पारंपरिक यूरिया के अधिक प्रयोग से पर्यावरण दूषित होता है, मृदा स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचता है, पौधो को बीमारी और कीट का खतरा बढ़ जाता है, फसल देर से पकती है और उत्पादन कम होता है। साथ ही फसल की गुणवता में भी कमी आती है। नैनो यूरिया तरल फसलों को मजबूत और स्वस्थ बनाता है तथा फसलों को गिरने से बचाता है।

## NEWS IN BRIEF

### रक्सौल आरपीएफ ने 274 बोतल नेपाली शराब किया बरामद

मोतिहारी। रेलवे सुरक्षा बल रक्सौल ने आज लावारिस अवस्था में पड़ी नेपाली कस्तुरी शराब बरामद किया है।इसकी जानकारी देते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर ऋतुराज कश्यप ने बताया कि छौड़ादानो रेलवे स्टेशन पर कैंपिंग ड्यूटी के दौरान स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में जूट के दो बोरा लावारिस स्थिति में देखा गया।जिसकी सूचना ड्यूटी में कार्यरत प्रधान आरक्षी विजय कुमार सर्वानंद कुमार को दिया गया। जिसके आधार पर उसकी जांच की गई। जांच के लिए पहुंचे उप निरीक्षक दिलीप कुमार,प्रधान आरक्षी सुधीर कुमार,सीआईबी रक्सौल के सहायक अवर निरीक्षक सतेन्द्र सिंह घटनास्थल पर जाकर बोरा को नियंत्रण में लेकर खोला तो एक बोरा से 137 और दूसरे बोरा से भी 137 बोतल यानी कुल तीन सौ एम एल के 274 बोतल नेपाल निर्मित कस्तुरी शराब बरामद किया गया। जिसका अनुमानित किमत 11872 रुपया है। जीआरपी थाना में उत्पाद मद्द निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

### बेतिया में हथियार के साथ तीन गिरफ्तार

बेतिया। शहर मे आपराधिक घटनाको अंजाम देने की योजना बना रहे तीन युवकों को नगर पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक मझौलिया थाना के बैठनिया निवासी रौशन कुमारपांडेय, अंकितपांडेय, श्रीनगर के पुजहा पटजिरवा निवासी आदर्श कुमार मिश्रा है। इसकी जानकारी देते हुए एसपी उपेंद्र नाथ वर्मा ने आज बताया कि गुप्त सूचना मिली कि न्यू बस स्टैंड के समीप स्थित पोखरा के पास तीन युवक संदिग्ध हालत में किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे है।

# युवा राजद ने मनायी विश्वनाथ प्रताप सिंह की जयन्ती

बीएनएम@बगहा

बगहा। पश्चिम चम्पारण के जिला राजद कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह की जयंती शनिवार को युवा राजद के कार्यकर्ताओं ने मनायी। जयंति के अवसर पर राजद युवा जिलाध्यक्ष मुकेश यादव ने कहा कि व्यक्तिगत तौर पर विश्वनाथ प्रताप सिंह बेहद निर्मल स्वभाव के थे और प्रधानमंत्री के रूप में उनकी छवि एक मजबूत और सामाजिक राजनैतिक दूरदर्शी व्यक्ति की थी, उन्होंने मंडल कमीशन की सिफारिशों को मानकर देश में वंचित समुदायों की शासन-सत्ता में हिस्सेदारी पर मोहर लगा दी। पूर्व मंत्री रह चुके राम प्रसाद यादव ने सम्बोधन में कहा कि 1987-88 का वह नारा अब तक याद है, जब जब वे बोफोर्स घोटाला व मण्डल कमीशन की सिफारिश के अनुसार ओबीसी को सरकारी सेवाओं में 27 प्रतिशत कोटा की अधिसूचना के बाद दिया गया- "राजा नहीं फकीर है,देश की तकदीर है।

# मोदी- नीतीश की चक्कर में आपस में भीड़ गए मुजफ्फरपुर में जदयू कार्यकर्ता

बीएनएम@मुजफ्फरपुर

मुजफ्फरपुर। जिले में शनिवार को समाहरणालय परिसर स्थित अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी के मुख्य द्वार के समीप एक चाय की दुकान राजनीतिक का अखाड़ा बन गया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर जदयू के कार्यकर्ता ने आपस में कसकर किया नोकझोंक। मिली जानकारी के अनुसार जदयू के बहुत पुराने नेता एवं नीतीश कुमार के शुभचिंतक गणेश भारती और जदयू के पूर्व महिला जिलाध्यक्ष के पति से हुआ नोकझोंक। बताया जा रहा है कि जातीय जनगणना की मुद्दे को लेकर जदयू कार्यकर्ता आपस में ही गर्म आ गए और एक दूसरे पर जमकर भड़ास निकाला। नोकझोंक ऐसा था कि लग रहा था की हाथापाई हो जाता लेकिन वहीं मौजूद लोगों ने शांत करवाया। नोकझोंक के दौरान यहां तक तू तू मैं मैं हो गया कि एक ने कहा दिया मोदी और नीतीश को लेकर बाप बाप होता है बेटा बेटा होता है। इसी बात को लेकर जदयू कार्यकर्ता गणेश पटेल भड़क गए थे। इस दौरान वहीं आसपास के लोगों का भीड़ इकट्ठा हो गया। उल्लेखनीय है कि शनिवार को सूबे के कई जिलों में जातीय जनगणना को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार यात्रा निकाला गया था इसी कड़ी में मुजफ्फरपुर में भी जनता दल यूनाइटेड के इमलीचट्टी स्थित जिला कार्यालय से आभार यात्रा जेडीयू कार्यकर्ताओं द्वारा निकाला गया।

# शिकारपुर थाना के होम गार्ड जवान की मौत,पुलिस जांच में जुटी

बीएनएम@बगहा

बगहा। पश्चिम चम्पारण के शिकारपुर थाना में चालक के पद पर कार्यरत होम गार्ड जवान की मौत शनिवार को संदिग्ध अवस्था में हो गयी। मृतक की पहचान मनोज कुमार मिश्र, उम्र53 वर्ष, मझौलिया थाना क्षेत्र के रतनमाला गांव निवासी के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर शिकारपुर थानाध्यक्ष अजय कुमार पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंचे और जांच पड़ताल की। शव को पोस्टमार्टम के लिए बेतिया भेज दिया गया है। घटना के संबध में मंदिर के पुजारी गोविंद गिरि ने बताया कि शुक्रवार को संध्या पांच बजे अपने दामाद के बाइक पर सवार होकर चालक के साथ कोइरगावा मठ पर पहुंचे। बाइक चालक उनको उतार कर वापस चला गया। फिर रात्रि में चालक मठ में आकर सो गया। शनिवार की सुबह नौ बजे तक वो सोया रहा। पुजारी को लगा कि उनकी तबियत खराब है । उसने सोफवा के चौकीदार शंभु को फोन कर बुलाया । चौकीदार के पहुचने पर वे लंबी लंबी सांसे खींच रहे थे। उसके थोड़े देर बाद ही सांस रुकने से चालक की मौत हो गयी।



# 119 वीं जयंती याद किए गए जॉर्ज ऑरवेल



बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। मोतिहारी की धरती पर जन्मे विश्व प्रसिद्ध उपन्यासकार एवं पत्रकार जॉर्ज ऑरवेल की 119 वीं जयंती पर रोटरी मोतिहारी लेक टाउन द्वारा संगोष्ठी का आयोजन शनिवार शहर के गोपाल साह विद्यालय परिसर स्थित लेखक की जन्मस्थली पर किया गया।प्रतिवर्ष की भांति इस साल वर्ष भी उक्त कार्यक्रम मे शताब्दी साहित्यकार के घर पर बड़ी संख्या मे साहित्य प्रेमी,पत्रकार एवं समाजसेवी ने इस कार्यक्रम मे भाग लेकर पहुंचकर शताब्दी साहित्यकार के प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसके पूर्व लेखक की जन्मस्थली पर केन्द्रीय विजेता ... कुमार ने रोटरेक्ट क्लब लेक टाउन के रौनक,अर्पण एवं अदिति के साथ मिलकर पलाश के पौधा लगाया गया।रोटरी मोतिहारी लेक टाउन के अध्यक्ष राकेश गुप्ता के स्वागत भाषण के साथ व्याख्यान संगोष्ठी की शुरुआत हुई। जॉर्ज ऑरवेल मेमोरेटिव कमेटी के अध्यक्ष देवप्रिय मुखर्जी द्वारा संचालित इस संगोष्ठी में सर्वप्रथम महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के शोधार्थी आस्तिक ने लेखक के विचारों पर प्रकाश डाला। पत्रकारिता विभाग के छात्र अनुपम नवरुप गांगुली ने मौजूदा समय में जॉर्ज ऑरवेल की प्रासंगिकता पर व्याख्यान दिया। मौके पर युवा लेखक एवं पत्रकार आदर्श शुक्ला ने कहा कि जॉर्ज ऑरवेल जन्मस्थली को लेकर हो रही राजनीति से वह काफी आहत हैं। होमगार्ड कमांडेंट अशोक प्रसाद ने अपनी बातों में जॉर्ज ऑरवेल जन्मस्थली के रखरखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता ज़ाहिर की।महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के अंग्रेज़ी विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर विमलेश कुमार ने जॉर्ज ऑरवेल चेयर को विश्वविद्यालय में स्थापित करने की घोषणा की। जॉर्ज ऑरवेल जयंती संगोष्ठी में रोटरी मोतिहारी लेक टाउन के नवनीत रंजन, डॉ आलोक कुमार, सचिव रोहित गुप्ता, अरुण कुमार एवं धनंजय वर्मा मौजूद रहे।जॉर्ज ऑरवेल जन्मस्थली पर बनी अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार विजेता डॉक्यूमेंट्री फिल्म के निर्देशक विश्वजीत मुखर्जी ने जन्मस्थली के शोध पर आगंतुक अतिथियों से चर्चा की। उल्लेखनीय है कि पिछले 19 वर्षों से रोटरी मोतिहारी लेक टाउन द्वारा जॉर्ज ऑरवेल जन्मस्थली पर लेखक की जयंती एवं पुण्यतिथि पर लगातार संगोष्ठी एवं कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है।

BORDER NEWS MIRROR

Sunday 26 June 2022


# Editorial

## फिर याद आया, वह काला दिन!

26 जून, 1975 का काला दिन आज 46 साल बाद मुझे फिर याद आया। 25 जून, 1975 की मध्य रात्रि तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने आपातकाल की घोषणा पर आंख मींचकर हस्ताक्षर कर दिए। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जी-हुजूरों ने दिल्ली के कई बड़े अखबारों की बिजली कटवा दी थी और देश के जो अखबार जल्दी छपते थे, उनमें वह खबर ही नहीं छपी। उस दिन मैं इंदौर में था। मैं सुबह-सुबह अपने घनिष्ट मित्र और आरएसएस के प्रचारक कुप्प सी. सुदर्शनजी से मिलने गया। वे जवाहर मार्ग के एक अस्पताल में पांव की हड्डी का इलाज करवा रहे थे। सुबह 8 बजे जैसे ही उन्होंने अपना ट्रांजिस्टर खोला, पहली खबर थी कि देश में आपातकाल की घोषणा हो गई है। मैं तुरंत वहीं से हिंदी के तत्कालीन श्रेष्ठ अखबार 'नई दुनिया' के दफ्तर पहुंचा। मैं छोटी उम्र से ही उसमें लिखने लगा था। उस समय माना जाता था कि वह कांग्रेस समर्थक अखबार है। उसके मालिक लाभचंदजी छजलानी, प्रधान संपादक राहुल बारपुते और संपादक अभय छजलानी समेत सभी प्रमुख लोग दफ्तर में उपस्थित थे। मेरे सुझाव पर यह तय हुआ कि संपादकीय की जगह को खाली छोड़ देना विरोध का सर्वोत्तम उपाय है, क्योंकि आपातकाल के विरोध पर भी प्रतिबंध की घोषणा हो चुकी थी। मैं दोपहर की रेल पकड़कर दिल्ली आ गया। मैं उस समय 'नवभारत टाइम्स' (देश के सबसे बड़े अखबार) का सह संपादक था। संपादक श्री अक्षयकुमार जैन ने सभी पत्रकारों की सभा बुलाई और आपातकाल का विरोध नहीं करने की सख्त हिदायत दी। सभा के बाद मैंने अक्षयजी से कहा कि मैं इस्तीफा दे देता हूं। मैं सरकार की खुशामद में एक शब्द भी नहीं लिखूंगा। उन्होंने कहा कि आप विदेशी मामलों के विशेषज्ञ हैं। मैं आपसे राष्ट्रीय राजनीति पर कोई संपादकीय ही नहीं लिखवाऊंगा। दूसरे दिन प्रेस क्लब में कुलदीप नैयर ने आपातकाल के विरोध में दिल्ली के पत्रकारों की एक सभा बुलाई। पहले उनका भाषण हुआ, दूसरा मेरा।

## रायसीना हिल्स के करीब द्रौपदी मुर्मू

**प्रो. श्याम सुंदर भाटिया**



मायावती जब पहली बार यूपी की मुख्यमंत्री बनीं तो तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव विदेश दौरे पर थे। किसी पत्रकार ने राव से पूछा कि दलित की बेटी मुख्यमंत्री बन गई है, कैसे संभव हुआ? सियासी पुरोधा राव ने अपनी हाजिर जवाबी में कहा, यह लोकतंत्र का चमत्कार है। बरसों पुरानी यह सारगर्भित टिप्पणी आज द्रौपदी मुर्मू पर सौ फीसदी खरी उतरती है। यह बात दीगर है, जिंदगी ने मुर्मू को गहरे जख्म दिए हैं। ओडिशा के यह परिचित आदिवासी चेहरा अब रायसीना हिल्स के बेहद करीब है। देश का प्रथम नागरिक बनना महज औपचारिकता दिख रहा है। भाजपा नीत राजग गठबंधन ने देश के सर्वोच्च संवैधानिक राष्ट्रपति पद के चुनाव में उन्हें सर्वसम्मति से अपना उम्मीदवार घोषित कर सियासी गलियारों को चौंका दिया है। प्रतिद्वंद्वी के रूप में यशवन्त सिन्हा विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार हैं। लगभग-लगभग चुनाव नतीजे मुर्मू के पक्ष में हैं। रही-सही कसर ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समर्थन ने पूरी कर दी है। झारखंड की पूर्व राज्यपाल मुर्मू वहां के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सजातीय हैं। सियासी पंडितों का मानना है, समर्थन के सामने राजनीतिक समीकरण घुटने टेक देगा। दीगर दलों का समर्थन भी मुर्मू को मिलने की भी प्रबल संभावना है। मुर्मू की सादगी इस छोटे से वाकये से झलकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें बधाई फोन किया तो वह निःशब्द रहीं। आंखों में बस आंसू थे। गला रुंध गया। मुर्मू ने अपनी बेटी इतिश्री से यह कहकर अपनी खुशी जाहिर की, बेटा- किसी आदिवासी के लिए यह सपने जैसा है। सियासी सफर: ओडिशा के आदिवासी जिले मयूरभंज के कुसुमी ब्लॉक में 20 जून, 1958 को जन्मीं आर्ट ग्रेजुएट द्रौपदी मुर्मू ने अपने करियर की शुरुआत एक क्लर्क के रूप में की। फिर वह टीचर बन गईं। 1997 में पहली बार निगम पार्षद बनीं। ओडिशा के रायरंगपुर से दो बार भाजपा के टिकट पर विधायक चुनी गईं। 2000 से 2004 के बीच नवीन पटनायक सरकार में मंत्री बनीं। 2010 और 2013 में वह मयूरभंज की जिलाध्यक्ष भी रहीं। उन्हें 2015 में झारखंड का राज्यपाल बना दिया गया। 18 मई, 2015 से 12 जुलाई, 2021 तक वह इस पद पर काबिज रहीं। मुर्मू को ओडिशा विधानसभा ने सर्वश्रेष्ठ विधायक के लिए नीलकंठ अवार्ड से भी सम्मानित किया। 20 को बर्थ-डे, 21 को भाजपा का गिफ्ट: आदिवासी हितों की पुरोधा कही जाने वालीं कद्दावर महिला शख्सिय में मुर्मू भी शुमार हैं। लेकिन उनकी सादगी भी बेमिसाल है। बतौर गवर्नर अंतिम दिन 12 जुलाई, 2021 को वह झारखंड के राजभवन से सीधे ओडिशा के अपने पैतृक गांव रवाना हो गईं। इस साल उन्होंने 20 जून को अपनी बेटी और दामाद के संग सादगी से दिल्ली से सोलह सौ किलोमीटर गांव में जन्मदिन मनाया। 21 जून को सूचना मिली कि एनडीए उन्हें राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाना चाहता है। एक तरह से भाजपा ने मुर्मू को 64वें बर्थ-डे से अगले दिन बड़ा तोहफा दिया। फर्श से अर्श तक पहुंचने में उन्हें करीब-करीब 25 साल लग गए। मुर्मू की छवि सख्त प्रशासक की तो है, लेकिन एकदम बेदाग है। राज्यपाल के तौर पर मुर्मू झारखंड सरकार को समय-समय पर आईना दिखाने में कभी नहीं हिचकीं। दुखों का पहाड़: मुर्मू ने जीवन में दो बेटों और पति को खोने के बाद हर बाधा का डटकर मुकाबला किया। 2009 उनके जीवन में बड़ा क्रूर बनकर आया। उनके पुत्र की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई। वह इस सदमे से निकलने में जुटी ही थीं, लेकिन ईश्वर को कुछ और मंजूर था। महज तीन साल के अंतराल में उनके दूसरे बेटे को 2012 में सड़क हादसे ने लील लिया।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

Today's **Opinion**

## कितने परोपकारी हैं भारत के पूंजीपति



**आर.के. सिन्हा**

गौतम अडाणी ने सेहत, शिक्षा और कौशल विकास के लिए 60 हजार करोड़ रुपये देने का संकल्प लिया है। जाहिर है कि यह कोई-छोटी मोटी राशि तो नहीं है न? देखिए , इससे सुखद कोई बात नहीं हो सकती कि देश में आप जो भी अपनी बुद्धि और मेहनत से दिन-रात एक करके पैसा कमाते हैं, उसे यदि वे उसी देश-समाज को वापस कर दें जिससे आपने कमाया है। बेशक, यह भारतीय कॉरपोरेट इतिहास के सबसे बड़े दानों में से एक है। पर इतना कहना ही होगा कि हमारे देश में अब भी गिनती के ही कारोबारी या पैसे वाले लोग हैं जो परोपकार के लिए अपना कमाया धन समाज के परोपकार में देते हैं। इस लिहाज से मोटा-मोटी अजीम प्रेमजी, शिव नाडार, मुकेश अंबानी, नंदन नीलकेणी, टाटा ग्रुप वगैरह के ही नाम मुख्य रूप से सबसे पहले जेहन में आता है। अजीम प्रेमजी के लिए कहा जाता है कि वे औसत रोज 22 करोड़ रुपये दान में देते हैं। अजीम प्रेमजी से पहले शिव नाडर परोपकारी कामों के लिए दान देने वालों में सबसे आगे थे। शिव नाडर ने वित्त वर्ष 2020 में 795 करोड़ रुपये दान किए। वहीं, इससे एक साल पहले भी उन्होंने 826 करोड़ रुपयों का दान किया था। अजीम प्रेमजी और शिव नाडार का जीवन तो सबके लिए एक मिसाल है। ये खुद तो सादगी पूर्ण जिंदगी गुजारते हैं। अजीम प्रेमजी ने अपने पुत्र का विवाह भी बहुत सादगी से ही किया था। उन्होंने सैकड़ों- हजारों लोगों को डिनर पर बुलाया भी नहीं था। शिव नाडार पिछड़ी जाति से संबंध रखने के बाद भी समाज में शीर्ष स्थान पर गए। शिव नाडार ने 1976 में दिल्ली के पटेल नगर के एक गैरेज से एचसीएल इंटरप्राइजेज की स्थापना की, तो 1991 में वे एचसीएल टेक्नोलॉजी के साथ बाजार में एक नए रूप में हाजिर हुए। तमिलनाडु में पहले नौकरी छोड़ना और बाद में दिल्ली में डीसीएम समूह की बढ़िया नौकरी को ठोकर मारने का साहस शिव नाडार जैसे दृढ संकल्प के इंसान ही कर सकते थे। शिव नाडार ने गरीबी को नजदीक से देखा है। इसलिए वे गरीब परिवारों के बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराने को लेकर सदैव गंभीर रहते हैं। लेकिन, यह भी सच है कि हमारे यहां शिव नाडार जैसे परोपकार के लिए अपना पैसा देने वाले भी बहुत ही कम लोग सामने आते हैं। ये स्थिति कोई बहुत आदर्श तो नहीं ही मानी जा सकती। अगर बात नए दौर के आंत्रप्योनर की करें तो फिलहाल उनके नाम सामने नहीं आते जो परोपकार के लिए आगे आ रहे हों। सचिन बंसल- बिन्नी बंसल ने फ्लिपकार्ट से अपनी हिस्सेदारी बेचकर हजारों करोड़ रुपये कमाए। क्या उन्होंने उसमें कुछ पैसा शिक्षा, सेहत या किसी अन्य सेक्टर के लिए दिया? इसी तरह से ओला के फाउंडर भविश अग्रवाल भी परोपकार के नाम पर कभी सुर्खियां नहीं बटोरते। क्या हमारे फिल्मी सितारे या क्रिकेटर नियमित रूप से परोपकार के काम कर रहे हैं? भगवान ही जानें? ये कमाते तो सैकड़ों-हजारों करोड़ रुपये हैं। पर इनके परोपकार को लेकर जानकारी शायद ही किसी के पास हो। ये बस सांकेतिक रूप से दिखावे भर के लिये ही कुछ समाज सेवा भर कर देते हैं। याद नहीं आता जब हमारे क्रिकेटरों ने कभी कोई समाज सेवा का उल्लेखनीय काम किया हो। फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो को सारी दुनिया जानती है। वे बेजोड़ खिलाड़ी हैं। वे चैरिटी की वजह से भी खबरों में बने रहते हैं। वे लगातार रक्तदान करते हैं। उन्होंने साल 2012 में गोल्डन बूट अवॉर्ड को नीलाम कर दिया था। उन्होंने उस नीलामी से मिले धन से गाजा में एक स्कूल बनवा दिया। वे रोगियों का इलाज भी करवाते हैं। आप सैकड़ों करोड़ के बंगलों में रहें या महंगी कारों में घूमें, इससे किसी को कोई एतराज नहीं है। पर क्या सिर्फ इनकम टैक्स देना पैसे वालों के लिये काफी है? दिक्कत तो यह है कि हमारे यहां तमाम लोग मोटा कमाने के बाद थोड़ा सा इनकम टैक्स देकर सोचते हैं कि उन्होंने बहुत महान काम कर दिया। फेसबुक के फाउंडर और सीईओ मार्क जुकरबर्ग के नाम से सारा भारत भी वाकिफ है। उन्होंने और उनकी पत्नी प्रिसिला ने फेसबुक के अपने 99 फीसदी शेयर चैरिटी में दान करने का फैसला किया है, जिसका मूल्य लगभग 45 अरब डॉलर (करीब 3 लाख करोड़ रुपये) है। इसके बाद भी जुकरबर्ग के पास फेसबुक में करीब 303 अरब डॉलर की हिस्सेदारी रहेगी।

**(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

मुद्रक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी बिहार -845401 से मुद्रित तथा सरोतर निवास राजाबाजार, मोतिहारी बिहार से प्रकाशित, संपादक सागर सूरज* फोन न:-06252-296796, प्रसार:-9470050309
ईमेल:- bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइट:- www.bordernewsmirror.com(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) TITLE CODE - BIHBIL02431

# आपातकाल में लोकतांत्रिक अधिकारों हो हुआ था हनन: अखिलेश यादव



बीएनएम@लखनऊ

लखनऊ। देश में आपातकाल लगे 47 वर्ष बीत चुके हैं, पर आज भी 25 जून 1975 की याद सिहरन पैदा कर देती है। रातों रात विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारियों के साथ प्रेस पर सेंसरशिप बिठा दी गई थी। स्वतंत्र भारत में आपातकाल लागू होते ही लोकतांत्रिक अधिकारों को छीनकर नागरिकों की आजादी को कुचल दिया गया था। यह कहना है समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का। उन्होंने कहा कि आज फिर देश पर अघोषित आपातकाल की छाया मंडरा रही है। अमृतकाल में भी लोकतंत्र की हत्या जारी है। आर्थिक विषमता, सामाजिक अन्याय का बढ़ना जारी है। अमीर ज्यादा अमीर, गरीब और ज्यादा गरीब होता जा रहा है। असहिष्णुता और नफरत ने सामाजिक सद्भाव को छिन्न भिन्न कर दिया है। संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है। किसानों-नौजवानों की आवाज को कुचला जा रहा है। बेरोजगारी में वृद्धि जारी है। महिलाएं-बच्चियां सर्वाधिक अपमान भोग रही हैं। भारत की आजादी की लड़ाई लड़ते समय स्वातंत्र्यवीरों ने जो सपने देखे थे, उनका क्या हुआ ? वर्तमान सत्ताधारियों ने भी सत्ता के दुरुपयोग के सभी रिकार्ड तोड़ दिए हैं। आजादी के बाद संविधान की अनदेखी कर लगाए गए आपातकाल के विरोध में लोकतंत्र रक्षक सेनानियों के बलिदान को भी भुलाया जा रहा है। आज देश दोराहे पर खड़ा है। एक ओर लोकतांत्रिक, पंथ निरपेक्ष तथा समाजवादी मूल्यों से प्रतिबद्धता है तो दूसरी ओर एकाधिकारी, फासिस्ट मनोवृत्ति के तानाशाह हैं। संविधान की मूल भावना के साथ नागरिक अधिकारों को बचाने तथा समाज को बांटने से रोकने में अवरोध डालने वाली प्रवृत्तियों पर अंकुश लगाना होगा। समाजवादी पार्टी स्वतंत्रता आंदोलन के मूल्यों एवं आदर्शों के लिए संघर्षरत है। संविधान को बचाने के लिए अहिंसात्मक, वैचारिक मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध है। लोकतंत्र की रक्षा के लिए जिन्होंने संघर्ष करते हुए जेल में यातना भोगी, उनके सम्मान में उन्हें सम्मानजनक पेंशन देने के लिए समाजवादी सरकार ने अधिनियम बनाया, जिससे तमाम लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को जीवन-संबल मिला। उनके आश्रितों के लिए भी समाजवादी सरकार ने व्यवस्था की।

## NEWS IN BRIEF

### आबकारी विभाग ने दो हजार 222 जगहों पर मारा छापा, 85 लोग हिरासत में

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में आबकारी विभाग के प्रवर्तन के अधिकारियों ने ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए दो हजार, दो सौ बाईस जगहों पर छापेमारी की। चौबीस घंटे में सक्रिय भूमिका दिखाते हुए आबकारी विभाग ने 85 लोगों को हिरासत में लिया, जबकि 290 मुकदमें दर्ज हुए हैं। आबकारी विभाग की टीम ने गाजियाबाद में थाना लोनी क्षेत्र के बलरामनगर, सलाहनगर, राम पार्क आदि स्थानों पर दबिश के दौरान एक व्यक्ति के पास से दिल्ली से लायी गयी 24 कैन गॉडफादर बीयर के साथ हिरासत में लिया। वहीं, फर्रुखाबाद में ग्राम लकूला में दबिश देकर मौके पर 300 किलो लहन नष्ट किया और 80 लीटर कच्ची शराब बरामद कर मुकदमा लिखा। मुरादाबाद में आबकारी विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने थाना ठाकुरद्वारा अंतर्गत बैरामपुर, नयागांव बहादुर नगर तथा रतुपुरा में कई स्थानों पर छापेमारी करते हुए तलाशी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान 100 लीटर अवैध कच्ची शराब तथा उपकरण बरामद हुए।

हापुड़ में आबकारी टीम ने थाना गढ़मुक्तेश्वर में गढवली गांव के जंगलों में जमीन के नीचे छिपाकर रखा 500 किग्रा लहन नष्ट किया एवं पन्नियों में रखी 15 लीटर कच्ची शराब बरामद की। इसी क्रम में चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल से ले जायी जा रही 10 लीटर अवैध कच्ची शराब पकड़ी गयी। दोनों ही मामलों में मुक़दमा दर्ज किया गया। आबकारी विभाग की टीम ने गौतमबुद्धनगर के सेक्टर 63 बाजिदपुर में दबिश देकर एक घर से पांच पेटियों व एक झोले में रखी कुल 270 पौआ फ्रेश मोटा ब्रांड हरियाणा की देशी शराब बरामद किया। मौके पर मिले लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

## मां के डांटने पर 8 साल के बच्चे ने फांसी लगाकर जान दी

बीएनएम@बांदा

बांदा। पढ़ाई करने के बजाए खेल रहे 8 वर्षीय बच्चे उसकी मां ने डांट दिया। जिससे गुस्से में आकर बच्चे ने कमरे में गमछे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बेटे की मौत के लिए मां खुद को ही जिम्मेदार मान रही हैं। घटना बबेरू कस्बे के गायत्री नगर में शाम को हुई। यहां रहने वाले कारोबारी राम प्रताप साहू का 8 वर्षीय पुत्र नीरज कस्बे के ही एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ता है। शुक्रवार की शाम 5-6 बजे नीरज अपने कुछ साथियों के साथ खेल रहा था। यह देखकर उसकी मां ने उसे डांटते हुए कहा तुम पढ़ने के बजाय खेल रहे हो। जाकर पढ़ाई करो। इस बात से नाराज नीरज ने ऊपर के कमरे में गया और वहां गमछे से फांसी लगा ली। मृतक के बड़े भाई ने कहा, मैं कोचिंग करने के बाद घर पहुंचा। जब ऊपर के कमरे में गया तो वहां नीरज गमछे के सहारे फांसी पर लटका हुआ था।

## बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य 8 माह पहले हुआ पूरा: अवनीश अवस्थी

बीएनएम@बांदा

बांदा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य 8 माह पहले ही पूरा कर लिया गया है और जुलाई के द्वितीय सप्ताह में प्रधानमंत्री द्वारा इसका उद्घाटन किया जाएगा। यह बात शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार के गृह सचिव अवनीश कुमार अवस्थी ने मवई गांव के समीप निर्माणाधीन बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का स्थलीय निरीक्षण करने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कहीं। उन्होंने बताया कि 29 फरवरी 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस प्रोजेक्ट का चित्रकूट के भरतकूप के पास शिलान्यास किया था। अबतक लगभग 97 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। जो काम शेष है 10 दिन के अंदर पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि आमतौर पर नदियों के पुल निर्माण में 6-7 साल लग जाते हैं। इस एक्सप्रेस वे में कई पुलों का निर्माण किया गया है। एक्सप्रेस वे निर्माण का समय 36 माह निर्धारित किया गया था, लेकिन कार्यदायी संस्था और इसमें काम करने वाले कर्मचारियों ने गर्मी की परवाह न करते हुए मात्र 28 माह में इसका निर्माण कार्य पूरा कर लिया है। इस तरह से निर्धारित अवधि से 8 माह पहले ही बुंदेलखंड का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। उन्होंने यह भी बताया कि कोविड के चलते कुछ परेशानी जरुर हुई लेकिन प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य में किसी तरह की बाधा नहीं आई।

## अग्निवीर योजना से आहत सेना भर्ती की तैयारी कर रहे युवक ने लगाई फांसी

बीएनएम@फतेहपुर

फतेहपुर। जिले में शनिवार को अग्निपथ योजना लागू होने से दुखी सेना में भर्ती की तैयारी कर रहा युवक बगीचे में एक पेड़ में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के विसनामऊ गांव निवासी विकास पटेल (22) पुत्र छेदालाल ने अग्निपथ योजना लागू होने के बाद नौकरी न मिलने की आशंका से परेशान होकर पेड़ में रस्सी का फंदा बनाकर जान दे दी। मृतक के पिता ने बताया है कि केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना की घोषणा के बाद वह भविष्य को लेकर मानसिक रुप से परेशान रहने लगा था। उससे दुखी पुत्र ने आज पुत्र ने जान दे दी है। बताते चलें कि, मृतक युवक विकास पटेल कई वर्षों से सेना में भर्ती की तैयारी कर रहा था। वह एक बार सेना भर्ती की शारीरिक परीक्षा दे चुका था, पर उसे कामयाबी नहीं मिली। सूचना मिलते चौडगरा चौकी प्रभारी धीरज पांडेय मौके पर पहुंचे। चौकी प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया विकास पटेल ने आत्महत्या की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद उसी के अनुसार अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जायेगी।



## किशोरी पर एसिड अटैक, हालत गंभीर





बीएनएम@एटा

### छोटी बहन का मोबाइल नं. न देने पर डाला एसिड आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश

एटा। शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मुहल्ला शांतिनगर में एक 16 वर्षीय किशोरी पर सिरफिरे युवक द्वारा एसिड डालने का मामला शनिवार को प्रकाश में आया है। जिससे किशोरी का चेहरा काफी झुलस गया। किशोरी को मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां से उसे आगरा रेफर कर दिया गया है। छोटी बहन का मोबाइल नम्बर न देने पर एसिड अटैक करने की कहानी सामने आई है। शहर के मारहरा दरवाजा भूतेश्वर रोड वारसी कॉलोनी गली नं.-6 (मुर्गा फार्म के सामने) रहने वाली एक किशोरी अपनी छोटी बहन के साथ शांती नगर निवासी आमोद वार्ष्णेय के घर से साफ-सफाई का कार्य कर घर जा रही थी। तभी रास्ते में मोहल्ला शांतीनगर निवासी रंजीत पुत्र छोटेलाल अपने साथी के साथ बाइक पर सवार होकर आ गया और किशोरी को खींचकर ले जाने लगा। विरोध करने पर आरोपितों ने किशोरी के चेहरा पर एसिड डाल दिया। जिससे किशोरी बुरी तरह जख्मी हो गई और उसका चेहरा झुलस गया। वह बेहोश होकर मौके पर ही गिर गई। घटना के बाद आरोपित भाग निकले। इसकी सूचना जख्मी किशोरी की छोटी बहन ने घर वालों को दी। यह घटना गुरुवार शाम 7:30 बजे की है। परिवार के लोग किशोरी को प्राइवेट क्लीनिक पर ले गए। इसके बाद किशोरी को शुक्रवार की रात मेडिकल कालेज लाया गया, शनिवार को होश में आने पर पीड़िता ने पूरी घटना बताई, डाक्टर ने उसे शनिवार को आगरा रेफर कर दिया। लड़की की मां की तहरीर के अनुसार आरोपी उसकी बेटी को पहले भी कई बार पीछा करते हुए परेशान कर चुके हैं। किशोरी के परिवार वालों ने घटना की सूचना पुलिस को देरी से दी। तब पुलिस सक्रिय हुई और आरोपित रंजीत को गिरफ्तार कर लिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय कुशवाह ने बताया कि आरोपी रंजीत ने बड़ी लड़की से उसकी छोटी बहन का मोबाइल नंबर मांगा था, जब उसने नहीं दिया तो आरोपितों ने एसिड अटैक कर दिया। आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

# मोदी सरकार ने आपदा प्रबंधन के प्रति अपनाया समग्र दृष्टिकोण: अमित शाह



बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में वर्तमान सरकार ने आपदा प्रबंधन के प्रति एक समग्र दृष्टिकोण अपनाया है और इसे राहत-केन्द्रित, पूर्वचेतावनी-केन्द्रित, प्रोएक्टिव और पूर्व तैयारी-आधारित बनाया गया है। उन्होंने कहा कि पहले आपदा प्रबंधन के प्रति देश में सिर्फ़ राहत-केन्द्रित दृष्टिकोण होता था जिसमें जान-माल के नुक़सान को कम करना शामिल नहीं था, लेकिन नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद इस दृष्टिकोण में काफ़ी बदलाव आया है। शाह की अध्यक्षता में आज गुजरात के केवड़िया में "आपदा प्रबंधन" पर गृह मंत्रालय की संसदीय परामर्शदात्री समिति की बैठक हुई। बैठक में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, अजय कुमार मिश्रा, निशिथ प्रामाणिक और गृह सचिव अजय कुमार भल्ला सहित गृह मंत्रालय, एनडीएमए और एनडीआरएफ़ के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। शाह ने समिति के सदस्यों को जानकारी दी कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पिछले आठ वर्षों में आपदा प्रबंधन के लिए बजटीय प्रावधान 122 प्रतिशत बढ़ाया गया है, जो मोदी की आपदा प्रबंधन के प्रति प्राथमिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने पिछले आठ वर्षों में आपदा प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन को प्राथमिकता दी है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्रालय, एनडीएमए और एनडीआरएफ़ के साथ मिलकर प्राकृतिक आपदाओं के समय कारवाई और राहत उपायों के समन्वय तथा लॉजिस्टिक्स और वित्तीय सहायता प्रदान करते हुए राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि आपदा से प्राथमिक तौर पर निपटने के लिए स्थानीय स्तर पर शुरू की गई आपदा मित्र योजना में जनभागीदारी की भावना अति महत्वपूर्ण है । शाह ने कहा कि सरकार के सफल प्रयासों की वजह से, गत वर्षों में आई विभिन्न आपदाओं के दौरान जान और माल की क्षति को न्यूनतम स्तर पर लाया गया है। उन्होने कहा कि इसके महत्व को इस तथ्य से समझा जा सकता है कि वर्ष 1999 में आए सुपर साइक्लोन में लगभग 10,000 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी।

## NEWS IN BRIEF

### द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावकों में तीन पश्चिम बंगाल के

कोलकाता। राष्ट्रपति पद के चुनाव में राजग उम्मीदवार और आदिवासी समुदाय की नेत्री द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावकों में तीन आदिवासी नेता पश्चिम बंगाल के भी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य बड़े नेताओं की मौजूदगी में द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को नई दिल्ली में अपना नामांकन दाखिल कर चुकी हैं। द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावकों में पश्चिम बंगाल के तीन आदिवासी नेताओं में झाड़ग्राम के सांसद कुनार हेम्ब्रम, मालदा हबीबपुर के विधायक जुएल मुर्मू और दक्षिण दिनाजपुर जिले के तपन से विधायक बुधुराई टूडू शामिल हैं। तीनों ने शनिवार को बताया कि गुरुवार रात उन्हें दिल्ली से संसदीय कार्य मंत्रालय से फोन कर दिल्ली बुलाया गया था। इसके बाद शुक्रवार को वह लोग दिल्ली में संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के घर पहुंचे। कुनार हेम्ब्रम ने बताया कि वहां राष्ट्रपति पद के लिए द्रौपदी मुर्मू के नामांकन पर प्रस्तावक के रूप में हस्ताक्षर करने के लिए कहा गया। यह हमारे लिए गौरव का क्षण था। हम तीनों ने बिना किसी देरी के हस्ताक्षर कर दिए।

इससे पहले तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने दावा किया था कि 2017 में राष्ट्रपति चुनाव से पहले तृणमूल ने प्रणब मुखर्जी और नजमा हेपतुल्ला के साथ द्रौपदी मुर्मू के नाम का प्रस्ताव दिया था। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी पत्र लिखे गए थे। यहां यह चर्चा है कि तृणमूल कांग्रेस के कई आदिवासी विधायकों और सांसदों ने पार्टी लाइन से हटकर द्रौपदी मुर्मू को वोट देने का फैसला किया है। उल्लेखनीय है कि विपक्ष के साझा उम्मीदवार यशवंत सिन्हा हैं। उनके नाम का प्रस्ताव तृणमूल कांग्रेस ने ही किया था।

# बसपा का राष्ट्रपति चुनाव में राजग उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को समर्थन

बीएनएम@लखनऊ

लखनऊ। राष्ट्रपति पद के चुनाव में राजग उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का समर्थन बहुजन समाज पार्टी (बसपा) भी करेगी। यह घोषणा शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में बसपा सुप्रीमो एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने की। उन्होंने यह समर्थन अपने आंदोलन का आदिवासी समाज को खास हिस्सा मानते हुए किया है। राष्ट्रपति पद के लिए 18 जुलाई को चुनाव होना है। मायावती ने कहा कि हमने यह निर्णय न तो भाजपा या एनडीए के समर्थन में और न ही विपक्ष के खिलाफ बल्कि अपनी पार्टी और आंदोलन को ध्यान में रखते हुए लिया है। मायावती ने राष्ट्रपति चुनाव को लेकर विपक्ष की बैठक में बसपा को न बुलाए जाने पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार और विपक्ष ने अलग-थलग रखा है। राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष का षडयंत्र देखने को मिला है।

# जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एकतरफा यातायात बहाल

बीएनएम@श्रीनगर

श्रीनगर। कश्मीर घाटी को बाहरी दुनिया से जोड़ने वाला एकमात्र सतही संपर्क जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार को एकतरफा यातायात बहाल किया गया है जबकि शनिवार को भूस्खलन के कारण मुगल रोड को बंद कर दिया गया है। यातायात विभाग द्वारा जारी जानकारी के मुताबिक जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग और श्रीनगर-सोनमर्ग-गुमारी रोड वाहनों की आवाजाही के लिए खुला है। राजमार्ग पर पहले से फंसे वाहनों को गंतव्य तक जाने की अनुमति दी जाएगी। उसके बाद ही बाकी वाहनों को जाने की अनुमति होगी। इसी बीच पुंछ और राजौरी जिलों को शोपियां जिले से जोड़ने वाला मुगल रोड, मानसर मोड़ पर भूस्खलन के कारण अवरुद्ध हो गया है। एसएचओ सुरनकोट नियाज अहमद ने बताया कि सड़क को साफ करने के प्रयास जारी है। बता दें कि रामबन व उधमपुर के विभिन्न स्थानों पर पत्थर व पस्सियां गिरने पर बंद हुआ राष्ट्रीय राजमार्ग 73 घंटे के बाद शुक्रवार शाम करीब पौने आठ बजे पूरी तरह से बहाल हो गया। राजमार्ग खुलने पर पुलिस ने दोनों तरफ फंसे वाहनों को घाटी, जम्मू व अन्य रूट की तरफ रवाना किया। पुलिस की तरफ से वाहन चालकों को जागरूक किया गया कि कोई भी ओवरटेक करने का प्रयास न करे। वहीं, राजमार्ग खुलने पर यात्रियों के साथ चालकों ने राहत की सांस ली है।

# आपातकाल जैसी त्रासदी को लोग विस्मृत कर रहे: नरेन्द्र भदौरिया

बीएनएम@लखनऊ

लखनऊ। आपातकाल जैसी त्रासदी को लोग आज विस्मृत कर रहे हैं।आपातकाल के दौरान 60 लाख 20 हजार लोगों की जबरन नसबंदी कराई गयी थी। देश में 42 हजार लोगों ने आन्दोलन किया। उसके पहले 67 हजार लोग जेलों में बंद किये जा चुके थे। ऐसे कठिन समय में गांव लोगों ने आपातकाल के खिलाफ संघर्ष किया। उस समय 67 प्रतिशत लोगों ने जो आपातकाल के खिलाफ संघर्ष किया, वह सुविधा भोगी लोग घरों में बैठने वाले लोग नहीं थे, वह गांव के निर्धन लोग झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोग थे। यह बातें वरिष्ठ स्तम्भकार व लेखक नरेन्द्र भदौरिया ने हिन्दुस्थान समाचार के साथ आपातकाल की यादों को साझा करते हुए कही। नरेन्द्र भदौरिया ने बताया कि भारत को कम्युनिज्म की तरफ ले जाने का काम इंदिरा गांधी ने किया। यह प्रयास उनके पिता जवाहर लाल नेहरू के समय से हुआ था। इंदिरा गांधी सब तरफ से घिर चुकी थी। घिरने के बाद आपातकाल के सहारे एक छत्र राज तानाशाही कायम करने का विकल्प इंदिरा गांधी ने चुना।नरेन्द्र भदौरिया ने बताया कि मैं तो उस समय संघर्ष में था। वह दौर मैंने देखा है।



# विज्ञान आधारित है भारतीय दृष्टि: आदित्यनाथ



बीएनएम@लखनऊ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय में आयोजित विज्ञान भारती के पांचवें राष्ट्रीय अधिवेशन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर, विज्ञान भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री जयंत सहस्त्रबुद्धे समेत कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय मनीषा ने ज्ञानार्जन के लिए कभी अवरोध को स्वीकार नहीं किया। भारतीय दृष्टि अपने आप में वैज्ञानिक दृष्टि है। मनुष्य और प्राणी में ही संवेदना नहीं है बल्कि पेड़ पौधों में भी संवेदना है। सर जगदीश चंद्र बसु ने दुनिया को यह दृष्टि दी। भारतीय संस्कृति और परंपरा की आधारभूमि कही जाने वाली नगरी लखनऊ में विज्ञान भारती का यह आयोजन एक सुखद अनुभूति करा रहा है। देश के विभिन्न प्रांतों से आए प्रतिनिधियों का मैं स्वागत करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवोदित वैज्ञानिक शोध परक लेखन करें और अपना पेटेंट कराएं। विज्ञान भारती इस दिशा में नेतृत्व रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने अपने ज्ञान को धार्मिक दृष्टि से तो अंगीकार किया, लेकिन व्यावहारिक दृष्टि से अंगीकार नहीं कर पाए इसलिए जिस क्षेत्र में आप हैं लेखन करें। योगी ने कहा कि विज्ञान क्या है, किसी भी नए ज्ञान को हम विज्ञान मान लेते हैं। विज्ञान भारती को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसी संस्था का वरद हस्त है। संघ एक वैज्ञानिक दृष्टि से देश एवं समाज हित में काम करता है। संघ संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार स्वयं एक वैज्ञानिक और चिकित्सक थे। संघ के द्वितीय सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर उपाख्य श्री गुरुजी एक वैज्ञानिक थे। संघ के सभी सरसंघचालक वैज्ञानिक दृष्टि से ओतप्रोत रहे हैं। विज्ञान भारती के राष्ट्रीय महामंत्री सुधीर भदौरिया ने कहा कि इस अधिवेशन में 29 प्रांतों के प्रतिनिधि आए हैं। सुपर कंप्यूटर के जनक डॉ. विजय बांटकर ने कहा कि विज्ञान और अध्यात्म एक साथ जुड़े हैं। जिस राष्ट्र में अध्यात्म और विज्ञान की पूजा होती है वह राष्ट्र विकास करता है। उत्तर प्रदेश विज्ञान प्रौद्योगिकी और अध्यात्म के क्षेत्र में प्रगति कर रहा है।

Sunday
26 June 2022

BNM Fantasy



# अनुष्का का 'चकदा एक्सप्रेस' से वापसी

अनुष्का ने 'चकदा एक्सप्रेस' की शूटिंग शुरू कर दी है, जिसकी शूटिंग भारत और यूके में होगी और इसका निर्माण क्लीन स्लेट फिल्म्ज कर रहा है। अभिनेत्री कहती हैं, "ऐसा लगता है कि यह मेरी पहली फिल्म फिर से है और मैं 'चकदा एक्सप्रेस' के साथ इस यात्रा को शुरू करने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं, एक ऐसी फिल्म जिस पर मैं वास्तव में विश्वास करती हूं।" "दुर्भाग्य से महामारी ने मुझे फिल्मों में लौटने से दूर रखा। जल्दी से फिल्मांकन शुरू करो। मैं पहले से ही प्रशंसकों और दर्शकों के साथ मनोरंजन करना और उनसे जुड़ना पसंद करता।" अनुष्का क्रिकेट फिल्म के 30 दिन के शेड्यूल की शूटिंग के लिए यूके जाएगी।

म

## *मीरा राजपूत ने पति शाहिद कपूर संग एंजॉय किया डिनर डेट*

बॉलीवुड एक्टर शाहिद कपूर इन-दिनों अपने पूरे परिवार के साथ स्विटजरलैंड में छुट्टियां एंजॉय कर रहे हैं. वेकेशन से मीरा और शाहिद दोनों फोटोज और वीडियोज शेयर कर रहे हैं. अब मीरा राजपूत पति शाहिद कपूर और दोनों बच्चों मिशा और जैन के साथ डिनर डेट पर निकली. यहां से उन्होंने इंस्टाग्राम पर कुछ तसवीरें शेयर की, जो सोसल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है. तस्वीरों में मीरा नीले रंग के टॉप में दिख रही है, जिसे डेनिम पैंट और ब्लैक जूते के साथ पेयर किया है. तस्वीरों में मीरा किसी रेस्तरां में खड़ी दिखाई दे रही है. उन्होंने अपने और शाहिद के जूते के फोटो भी शेयर किया. इसके अलावा मीरा ने खाने की फोटोज डाली. उन्होंने इस पोस्ट को एक मजेदार कैप्शन के साथ शेयर किया. मीरा ने लिखा, "अमोरे मियो के साथ डिनर डेट...चेसा वेगलिया को सेंट मोरित्ज में सबसे अच्छे रेस्तरां में से एक माना जाता है, लेकिन मेरे लिए जो बात सबसे अलग थी, वह यह नहीं थी कि फूड काफी मजेदार है. यहां का वातावरण हमें काफी पसंद आया है. देहाती माहौल, लकड़ी के अंदरूनी हिस्से और निचली छतें आपको उस समय में ले जाती हैं जहां आप रहना चाहते थे. ब्री के साथ मेरा पसंदीदा पिज्जा था, जिसे मैं खाना बंद नहीं कर सकी (शाहिद की प्लेट पर भी हमला किया) और मुझे बहुत खुशी है कि होटल दूर नहीं था, क्योंकि ये जूते चलने के लिए नहीं हैं". मीरा राजपूत की इस फोटो पर फैंस जमकर कमेंट कर रहे हैं.



# कंगना रनौत ने योगी आदित्यनाथ को लेकर किया ट्वीट

## *राजनीति में इंट्री को लेकर कयास जारी*



बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत किसी भी मुद्दे पर बेबाकी से अपनी राय रखने के लिए जानी जाती हैं. वो सोशल मीडिया पर खासा एक्टिव रहती हैं और मौजूदा हालात पर अपनी प्रतिक्रिया साझा करती रहती हैं. अब उनका लेटेस्ट पोस्ट वायरल हो रहा है जिसमें उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जिक्र किया है. उनके इस पोस्ट पर फैंस जमकर कमेंट कर रहे हैं और अपने सुझाव भी साझा कर रहे हैं. उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा, 'अगर भविष्य में योगी आदित्यनाथ जी भारत के प्रधानमंत्री बन जाएं तो ऐसे कितने लोग है जिन्हें खुशी होगी बताएं???? ऐसे लोगों से जुड़ना चाहती हूं.' इसपर प्रतिक्रिया देते हुए एक यूजर ने लिखा, एक योगी भारत को अगले लेवल तक ले जा सकता है. मुझे कोई संदेह नहीं. वहीं एक और यूजर ने लिखा, देश के लिए 2024 श्री मोदीजी हीं उचित हैं. अन्तर्राष्ट्रीय कूटनीति में दक्ष हैं. योगीजी उत्तरप्रदेश की कानून व्यवस्था दुरुस्त कर हीं रहे हैं. ऐसे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का अपने पद पर और एक टर्म अनिवार्य है. बता दें कि, कंगना रनौत ने बीते महीने योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी. उत्तर प्रदेश की वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना के ब्रांड एंबेसडर के रूप में कंगना ने सीएम से मुलाकात की. अभिनेत्री कई मौकों पर बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समर्थन करती हुई देखी जाती है. कई बार ऐसी अफवाहों ने जोर पकड़ा है कि वो राजनीति में इंट्री कर सकती हैं. लेकिन उन्होंने इसे लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है. इसके पहले भी कंगना रनौत ने यूपी में फिल्म सिटी बनाने के सीएम योगी आदित्यनाथ के फैसले का समर्थन किया था. उन्होंने सीएम के ऐलान पर कहा था- ऐसा कहना कि फिल्म सिटी सिर्फ हिंदी फिल्मों के लिए सही है, गलत है. तेलुगु फिल्म उद्योग ने खुद को साबित किया है. आज भारत में हिंदी को छोड़ कई भाषाओं में फिल्में बन रही है.गौरतलब है कि कंगना रनौत की पिछली फिल्म 'धाकड़' थी जिसे रजनीश रजी घई ने निर्देशित किया था. इसके अलावा कंगना 'तेजस', 'मणिकर्णिका रिटर्न्स: द लीजेंड ऑफ डिड्डा', 'इमरजेंसी' शामिल है.